# श्री पार्श्वनाथ प्रश्नोत्तरी



जैन ज्ञान दर्शन ग्रुप, WhatsApp no.8983420775,blog.- http://jaingyandarshan.wordpress.com

प्रश्न 1- तेइसवें तीर्थंकर का नाम बताइये?

उत्तर - भगवान श्री पार्श्वनाथ।

प्रश्न 2- श्री पार्श्वनाथ भगवान को कौन से चिन्ह से जाना जाता है?

उत्तर - सर्प चिंह से।

प्रश्न 3- श्री पाश्र्वनाथ भगवान दसवें भव पूर्व किस पर्याय में थे?
उत्तर - मरूभूमि की पर्याय में।
प्रश्न 4- श्री पाश्र्वनाथ भगवान नौवें भव पूर्व किस पर्याय में थे?
उत्तर - बज्रघोष नाम के हाथी।
प्रश्न 5- श्री पाश्र्वनाथ भगवान आठ भव पूर्व किस पर्याय में थे?
उत्तर - बारहवें सहस्त्रार स्वर्ग में सोलह सागर की आयु वाले देव।
प्रश्न 6- श्री पाश्र्वनाथ भगवान सात भव पूर्व किस पर्याय में थे?
उत्तर - जम्बूद्वीप के पूर्व विदेह के पुष्कलावती देश के त्रिलोकोत्तम नगर में विद्युद्रष्टि राजा तथा विद्युनमाला रानी के अग्निवेग नाम के पुत्र।
प्रश्न 7- श्री पाश्र्वनाथ भगवान छठे भव पूर्व किस पर्याय में थे?

उत्तर - सोलहवें अच्युत स्वर्ग के पुष्कर विमान से देव।

प्रश्न 8- श्री पार्श्वनाथ भगवान पांचवे भव में किस पर्याय में थे?

उत्तर - जम्बूद्वीप के पश्चिम विदेह क्षेत्र के पद्मा देश के अश्वपुर नगर में राजा वज्रवीर्य तथा रानी विजया के पुत्र के रूप में वज्रनाभि चक्रवर्ती थे।

प्रश्न 9- श्री पार्श्वनाथ भगवान चैथे भव में किस पर्याय में थे?

उत्तर - मध्यम ग्रैवेयक में अहिमेन्द्र।

प्रश्न 10- श्री पार्श्वनाथ भगवान पार्श्वनाथ की पर्याय से तीसरे भव पूर्व किस पर्याय में थे?

उत्तर - जम्बूद्वीप क्षेत्र की अयोध्या नगरी में बज्रवाहु के पुत्र महामंडलेश्वर राजा आनंद।

प्रश्न 11- श्री पार्श्वनाथ भगवान से पूर्व दूसरे भव में किस पर्याय में थे?

उत्तर - प्राणत नाम के विमान में देव।

प्रश्न 12- श्री पार्श्वनाथ भगवान के पिता का नाम बताइये?
उत्तर - महाराजा श्री अश्वसेन जी।
प्रश्न 13- श्री पार्श्वनाथ भगवान की माता का नाम बताइये?
उत्तर - महारानी वामा देवी।
प्रश्न 14- श्री पार्श्वनाथ भगवान का गर्भ कल्याणक किस तिथि में हुआ था?
उत्तर - बैशाख कृष्णा द्‌वितीया को।
प्रश्न 15- श्री पार्श्वनाथ भगवान का गर्भ कल्याणक किस नक्षत्र में हुआ था?
उत्तर - बैशाख नक्षत्र में।
प्रश्न 16- श्री पार्श्वनाथ भगवान कहां से गर्भ में आये थे?
उत्तर - प्राणत स्वर्ग से।
प्रश्न 17- श्री पार्श्वनाथ भगवान का जन्म कल्याणक किस तिथि में हुआ था?
उत्तर - पौष कृष्णा ग्यारस को।

प्रश्न 18- श्री पाश्र्वनाथ भगवान का जन्म कल्याण किस नक्षत्र में हुआ था?
उत्तर - विशाख नक्षत्र में।
प्रश्न 19- श्री पाश्र्वनाथ भगवान का जन्म कहां हुआ था?
उत्तर - बनारस नगर में।
प्रश्न 20- श्री पाश्र्वनाथ भगवान का जन्म किस वंश में हुआ था?
उत्तर - उग्र वंश में।
प्रश्न 21- श्री पाश्र्वनाथ भगवान की आयु कितनी थी?
उत्तर - एक सौ वर्ष की।
प्रश्न 22- श्री पाश्र्वनाथ भगवान का कुमार काल कितने वर्ष का था?
उत्तर - तीस वर्ष का।
प्रश्न 23- श्री पाश्र्वनाथ भगवान के शरीर की ऊंचाई कितनी थी?
उत्तर - नौ हाथ की।

प्रश्न 24- श्री पार्श्वनाथ भगवान के शरीर का वर्ण कैसा था?

उत्तर - हरित श्याम वर्ण।

प्रश्न 25- श्री पार्श्वनाथ भगवान का राज्य काल कितने वर्ष का था?

उत्तर - राज्य नहीं किया।

प्रश्न 26- श्री पार्श्वनाथ भगवान के मोक्ष जाने के बाद कितने समय बाद श्री पार्श्वनाथ भगवान हुए?

उत्तर - तिरासी हजार छह सौ पचास वर्ष बीत जाने के बाद।

प्रश्न 27- श्री पार्श्वनाथ भगवान को वैराग्य कैसे मिला?

उत्तर - जातिस्मरण से।

प्रश्न 28- श्री पार्श्वनाथ भगवान का दीक्षा कल्याणक किस तिथि में हुआ था?

उत्तर - पौष कृष्णा-गयारस को।

प्रश्न 29- श्री पार्श्वनाथ भगवान को दीक्षा कल्याणक कौन से नक्षत्र में हुआ था?

उत्तर - विशाखा नक्षत्र में।

प्रश्न 30- श्री पार्श्वनाथ भगवान की दीक्षा कौन

से वन में हुई थी?
उत्तर - अश्वस्थ वन में।
प्रश्न 31- श्री पाश्र्वनाथ भगवान ने दीक्षा कौन से वृक्ष के नीचे ली?
उत्तर - देवदारू वृक्ष के नीचे।
प्रश्न 32- श्री पाश्र्वनाथ भगवान ने दीक्षा किस समय ली?
उत्तर - पूर्वान्ह काल में।
प्रश्न 33- श्री पाश्र्वनाथ भगवान ने दीक्षा किस नगर में ली थी?
उत्तर - बनारस नगर में।
प्रश्न 34- श्री पाश्र्वनाथ भगवान की दीक्षा पालकी का नाम बताइये।
उत्तर - विमला नाम की पालकी।
प्रश्न 35- श्री पाश्र्वनाथ भगवान ने कितने राजाओं के साथ दीक्षा ली?
उत्तर - तीन सौ राजाओं के साथ।
प्रश्न 36- श्री पाश्र्वनाथ भगवान ने दीक्षा के

समय कितने उपवास किये?
उत्तर - तेला (तीन दिन के उपवास)।
प्रश्न 37- श्री पाश्र्वनाथ भगवान का प्रथम आहार किस नगर में हुआ था?
उत्तर - गुलमसेटपुर नगर में।
प्रश्न 38- श्री पाश्र्वनाथ भगवान को प्रथम आहार किसने दिया था?
उत्तर - धन्यनामक राजा ने।
प्रश्न 39- श्री पाश्र्वनाथ भगवान का प्रथम आहार किस वस्तु का हुआ।
उत्तर - दूध की खीर का।
प्रश्न 40- श्री पाश्र्वनाथ भगवान ने कितने वर्ष तक तप किया?
उत्तर - चार महीने तक।
प्रश्न 41- श्री पाश्र्वनाथ भगवान को केवलज्ञान किस तिथि को प्राप्त हुआ?
उत्तर - चैत्र कृष्णा चतुर्थी को।
प्रश्न 42- श्री पाश्र्वनाथ भगवान को केवलज्ञान

किस नक्षत्र में प्राप्त हुआ था?
उत्तर - विशाखा नक्षत्र में।
प्रश्न 43- श्री पार्श्वनाथ भगवान को केवलज्ञान किस नगर में हुआ?
उत्तर - शक्रपुर नगर (अहिक्षेत्र नगर) में।
प्रश्न 44- श्री पार्श्वनाथ भगवान को केवलज्ञान किस वन में हुआ?
उत्तर - अश्वत्थ वन में।
प्रश्न 45- श्री पार्श्वनाथ भगवान का केवलज्ञान किस वृक्ष के नीचे हुआ था?
उत्तर - धव वृक्ष के नीचे।
प्रश्न 46- श्री पार्श्वनाथ भगवान का समोशरण का कितना विस्तार था?
उत्तर - सवा योजन विस्तरित।
प्रश्न 47- श्री पार्श्वनाथ भगवान के शासन देव का नाम बताइये?
उत्तर - श्री धरणेन्द्र यक्ष।
प्रश्न 48- श्री पार्श्वनाथ भगवान की शासन देवी

कानाम बताइये।
उत्तर - देवी श्री पद्मावती।

प्रश्न 49- श्री पाश्र्वनाथ भगवान के शासन देव क्षेत्रपालों के नाम बताइये।
उत्तर - 1 श्री कीर्तिधर जी
2 श्री स्मृतिधरजी
3 श्री विनय धरजी
4 श्री अब्जधरजी।
प्रश्न 50- श्री पाश्र्वनाथ भगवान का केवली काल कितने वर्ष का था?
उत्तर - उन्नत्तर वर्ष आठ महीने का।
प्रश्न 51- श्री पाश्र्वनाथ भगवान के समोशरण में कितने गणधर थे?
उत्तर - दस गणधर।
प्रश्न 52- श्री पाश्र्वनाथ भगवान के समोशरण में प्रमुख गणधर कौन थे?
उत्तर - स्वयंभू नाम के गणधर।
प्रश्न 53- श्री पाश्र्वनाथ भगवान के समोशरण में कुल कितने मुनि थे?
उत्तर - सोलहह हजार मुनि।

प्रश्न 54- श्री पार्श्वनाथ भगवान के समोशरण में पूर्वधर मुनि कितने थे?
उत्तर - तीन सौ पचास पूर्वधर मुनि।
प्रश्न 55- श्री पार्श्वनाथ भगवान के समोशरण में शिक्षक मुनि कितने थे?
उत्तर - दस हजार नौ सौ शिक्षक मुनि।
प्रश्न 56- श्री पार्श्वनाथ भगवान के समोशरण में अवधि ज्ञानी मुनि कितने थे?
उत्तर - एक हजार चार सौ अवधि ज्ञानी मुनि।
प्रश्न 57- श्री पार्श्वनाथ भगवान के समोशरण में कितने केवली थे?
उत्तर - एक हजार केवली।
प्रश्न 58- श्री पार्श्वनाथ भगवान के समोशरण में कितने विक्रियाधारी मुनि थे?
उत्तर - एक हजार विक्रियाधारी मुनि।
प्रश्न 59- श्री पार्श्वनाथ भगवान के समोशरण में कितने मुनि विपुलमति ज्ञान के धारक थे?
उत्तर - सात सौ पचास विपुलमति ज्ञान धारक

मुनि।
प्रश्न 60- श्री पाश्र्वनाथ भगवान के समोशरण में कितने वादी मुनि थे?
उत्तर - छह सौ वादी मुनि।
प्रश्न 61- श्री पाश्र्वनाथ भगवान के समोशरण में कितनी आर्यिकायें थी?
उत्तर - अड़तीस हजार आर्यिकायें।
प्रश्न 62- श्री पाश्र्वनाथ भगवान के समोशरण में प्रमुख आर्यिका कौन थी?
उत्तर - गणिनी प्रमुख आर्यिका सुलोचना जी।
प्रश्न 63- श्री पाश्र्वनाथ भगवान के समोशरा में कितने श्रावक थे?
उत्तर - एक लाख श्रावक।
प्रश्न 64- श्री पाश्र्वनाथ भगवान के समोशरण में कितनी श्राविकायें थी?
उत्तर - तीन लाख श्राविकायें।
प्रश्न 65- श्री पाश्र्वनाथ भगवान के समोशरण में प्रमुख श्रोता कौन थे?

उत्तर - अजित नाम के श्रोता (महासेन)।
प्रश्न 66- श्री पार्श्वनाथ भगवान को मोक्ष किस तिथि में हुआ था?
उत्तर - श्रावण शुक्ला सप्तमी को।
प्रश्न 67- श्री पार्श्वनाथ भगवान को मोक्ष किस समय हुआ?
उत्तर - अपरान्ह काल में।
प्रश्न 68- श्री पार्श्वनाथ भगवान को मोक्ष किस नक्षत्र में हुआ था।
उत्तर - विशाखा नक्षत्र में।
प्रश्न 69- श्री पार्श्वनाथ भगवान को मोक्ष कहां से हुआ था?
उत्तर - श्री सम्मेद शिखर जी से।
प्रश्न 70- श्री पार्श्वनाथ भगवान को मोक्ष किस कूट से हुआ था?
उत्तर - स्वर्णभद्र कूट से।
प्रश्न 71- श्री पार्श्वनाथ भगवान कितने मुनियों के साथ मोक्ष गये?

उत्तर - छत्तिस मुनियो के साथ।
प्रश्न 72- श्री पाश्र्वनाथ भगवान का भोग निवृत्ति काल बताइये?
उत्तर - एक माह पूर्व।
प्रश्न 73- श्री पाश्र्वनाथ भगवान के कितने अनुबद्ध केवली थे?
उत्तर - तीन अनुबद्ध केवली।

प्रश्न 74- श्री पार्श्वनाथ भगवान के कितने मुनि शिष्यों ने तप करके अनुतर विमानों को प्राप्त किया?

उत्तर - आठ हजार आठ सौ मुनियों ने।

प्रश्न 75- श्री पार्श्वनाथ भगवान के कितने मुनियों ने मोक्ष प्राप्त किया?

उत्तर - छह हजार दो सौ मुनियों ने।

प्रश्न 76- श्री पार्श्वनाथ भगवान के कितने मुनिशिष्यों ने तप करके पहले स्वर्ग से ग्रैवेयक तक के स्वर्गों को प्राप्त किया?

उत्तर - एक हजार शिष्यों ने।

प्रश्न 77 श्री पार्श्वनाथ भगवान का तीर्थ प्रवर्तन कितने वर्ष का था?

उत्तर - दो सौ अठहत्तर वर्ष का।

प्रश्न 78- श्री पार्श्वनाथ भगवान के धर्म तीर्थ में चतुर्विध संघ को श्री सम्मेदशिखर की यात्रा कराने वाले संघपति का नाम बताइये?

उत्तर - राजा श्री सुप्रभाव सेन।

प्रश्न 79- कालसंवर देव की पर्याय से दस भव पूर्व कमठ का जीव किस पर्याय में था?
उत्तर - कमठ की पर्याय में।
प्रश्न 80- नौ भव पूर्व कालसंवर देव का जीव किस पर्याय में था?
उत्तर - कुकुट जाति की सर्प की पर्याय में।
प्रश्न 81- आठ भव पूर्व कालसंवर देव का जीव किस पर्याय में था?
उत्तर - धुमप्रभा नामक पाचवें नरक में नारकी
प्रश्न 82- सात भव पूर्व कालसंवर देव का जीव किस पयार्य में था?
उत्तर - भयंकर अजगर।
प्रश्न 83- ठह भव पूर्व कालसंवर देव का जीव किस पर्याय में था?
उत्तर - छठें नरक में नारकी।
प्रश्न 84- पांच भव पूर्व कालसंवर देव का जीव किस पर्याय में था?
उत्तर - कुरंग नामक झील।

प्रश्न 85- चैथे भव पूर्व कालसंवर का जीव किस पर्याय में था?
उत्तर - सातवें नरक में नारकी।
प्रश्न 86- तीसरे भव पूर्व कालसंवर देव का जीव किस पर्याय में था?
उत्तर - क्षीर नामक वन में सिंह।
प्रश्न 87- दूसरे भव में कालसंवर का जीव किस पर्याय में था?
उत्तर - नरक में नारकी।
प्रश्न 88- श्री पाश्र्वनाथ भगवान ने किस पर्याय में सूर्य का विमान बनवाकर उसमें जिन मंदिर बनवाया?
उत्तर - राजा आनन्द की पर्याय में।
प्रश्न 89- श्री पाश्र्वनाथ भगवान वज्रनाभि नाम के चक्रवर्ती हुए?
उत्तर - श्री पाश्र्वनाथ भगवान।
प्रश्न 90- पंचाग्नि तपने वाले साधु का क्या नाम था?

उत्तर - महीपाल।
प्रश्न 91- महिपाल कौन था?
उत्तर - पार्श्वनाथ भगवान का मातामह (नाना) था।
प्रश्न 92- श्री पार्श्वनाथ भगवान की क्या विशेषता थी?
उत्तर - ये बालब्रह्मचारी तीर्थंकर थे।
**जैन**ज्ञान**दर्शन**ग्रुप**